भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **तारांकित प्रश्न सं. *322**

वाणिज्य विभाग

दिनांक 11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम

***322 डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) के अंतर्गत प्रमाणित जैविक उत्पादन की मात्रा का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उत्तर-पूर्वी क्षेत्र से प्रमाणित जैविक उत्पादों के निर्यात की राज्य-वार कुल मात्रा कितनी है और उसका कुल मूल्य कितना है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान इस कार्यक्रम के अंतर्गत सिक्किम में किन-किन प्रमुख वस्तुओं का उत्पादन किया गया और कुल कितनी मात्रा में प्रमाणित जैविक उत्पादन हुआ; और

(घ) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सिक्किम से निर्यात किए गए प्रमाणित जैविक उत्पादों की कुल मात्रा कितनी है और इसका कुल मूल्य कितना है और किन-किन प्रमुख स्थलों को निर्यात किया गया और निर्यात की गई प्रमुख वस्तुएं कौन-कौन सी हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*****

"राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम" के संबंध में दिनांक 11.08.2026 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *322 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाणित जैविक उत्पादन की मात्रा का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण निम्नवत है:

राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रमाणित जैविक उत्पादन						
क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जैविक उत्पादन (एमटी में)				
		वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	वित्तीय वर्ष 2025-26
1.	महाराष्ट्र	5,81,164	7,24,947	10,44,383	13,46,147	5,41,190
2.	मध्य प्रदेश	12,62,967	7,38,202	8,49,783	11,44,592	3,67,208
3.	राजस्थान	3,31,901	3,11,171	3,31,358	5,32,956	2,55,015
4.	गुजरात	1,22,155	89,978	1,76,551	2,92,845	2,05,807
5.	कर्नाटक	1,50,641	2,37,090	1,97,328	2,86,696	1,90,832
6.	उत्तर प्रदेश	1,31,813	2,15,507	1,59,150	1,89,390	1,38,350
7.	ओडिशा	1,35,999	64,976	1,37,636	2,47,521	84,478
8.	तेलंगाना	3,872	838	7,126	29,382	57,618
9.	उत्तराखंड	31,720	43,955	44,745	39,439	48,243
10.	आंध्र प्रदेश	18,752	24,190	33,039	25,405	45,951
11.	बिहार	12	19,854	39,938	55,502	40,763
12.	केरल	31,965	42,729	41,129	25,677	39,118
13.	जम्मू और कश्मीर	38,641	50,230	33,188	65,016	38,364
14.	तमिलनाडु	31,006	24,964	29,994	25,998	30,398
15.	मेघालय	10,192	9,920	13,671	13,468	24,809
16.	पश्चिम बंगाल	17,498	15,409	15,911	14,215	19,130
17.	असम	15,897	14,498	12,522	11,310	12,465
18.	नागालैंड	1,193	0	3,888	5,185	6,935
19.	झारखंड	0	4,363	3,620	5,697	4,074
20.	पंजाब	443	483	6,802	9,912	3,497
21.	अरुणाचल प्रदेश	82	793	25	0	3,232

22.	गोवा	2,653	2,489	2,497	2,288	2,464
23.	छत्तीसगढ़	21,841	17,703	28,896	14,040	2,294
24.	त्रिपुरा	340	333	245	399	2,126
25.	हिमाचल प्रदेश	3,486	6,978	11,768	5,244	1,235
26.	मिजोरम	0	334	0	0	1,078
27.	हरियाणा	4,547	2,680	3,016	2,709	862
28.	सिक्किम	20	52	25	52	167
29.	मणिपुर	122	11	0	0	13
30.	पुदुचेरी	0	4	0	0	0
	कुल	29,50,922	26,64,681	32,28,234	43,91,085	21,67,716

स्रोत: ट्रेसनेट पर एनपीओपी के अंतर्गत मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी।

नोट: उत्पादन का डेटा बिक्री के लिए वाणिज्यिक उत्पादन है न कि वास्तविक उत्पादन। उत्पादन संबंधी डेटा को पूर्णांक में बदला गया है।

(ख) विगत पाँच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान उत्तर-पूर्वी क्षेत्र से राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के तहत प्रमाणित जैविक उत्पादों के निर्यात की राज्य-वार कुल मात्रा और मूल्य निम्नवत हैं:

राज्य	**वित्तीय वर्ष**	**निर्यात की मात्रा (एमटी में)**	**कुल मूल्य (मिलियन अमेरिकी डॉलर में)**
असम	2021-22	5.87	0.04
	2022-23	3.49	0.01
	2023-24	19.68	0.08
	2024-25	55.52	0.19
	2025-26	118.02	0.55
सकल योग		**202.58**	**0.87**
नोट: राज्य-वार डेटा संबंधित राज्यों में पंजीकृत निर्यातकों के निर्यात पर आधारित है।			

(ग) विगत पाँच वर्षों के दौरान एनपीओपी के तहत सिक्किम से प्रमाणित जैविक उत्पादन की कुल मात्रा, जो प्रमुख वस्तुओं को दर्शाती है, निम्नवत है:

वित्तीय वर्ष	**उत्पाद का नाम**	**जैविक उत्पादन (एमटी में)**
2021-22	आलू	10.10
	गाजर	2.00
	पत्तागोभी	1.85

	मूली	1.35
	फूलगोभी	1.34
	इलायची	1.00
	अन्य उत्पाद	2.53
	सकल योग	**20.17**
2022-23	अदरक	51.90
	सकल योग	**51.90**
2023-24	हल्दी	11.50
	इलायची	7.61
	कुट्टू	5.05
	ग्रीन टी	0.52
	सकल योग	**24.68**
2024-25	इलायची	40.11
	हल्दी	10.23
	कुट्टू	2.13
	सकल योग	**52.47**
2025-26	ग्रीन टी	105.74
	इलायची	61.03
	सकल योग	**166.77**

स्रोत: ट्रेसनेट पर एनओपी के अंतर्गत मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी।

नोट: उत्पादन का डेटा बिक्री के लिए वाणिज्यिक उत्पादन है न कि वास्तविक उत्पादन।

(घ) एनपीओपी के तहत जैविक प्रमाणीकरण, निर्यात और घरेलू बाज़ार, दोनों के लिए अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाता है। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार विगत पाँच वर्षों में सिक्किम राज्य से एनपीओपी के तहत प्रमाणित जैविक उत्पादों का कोई निर्यात नही हुआ है।

हालाँकि, सिक्किम के एनपीओपी प्रमाणित परिचालकों ने अपने प्रमाणित जैविक उत्पादों को घरेलू आपूर्ति श्रृंखला में बेचा है तथा विगत पाँच वर्षों में लगभग 292 एमटी एनपीओपी प्रमाणित जैविक उत्पादों का घरेलू लेन-देन दर्ज किया गया है। लेन-देन किए गए मुख्य उत्पादों में उत्पादों में ग्रीन टी, इलायची, अदरक, हल्दी आदि शामिल हैं।

****